तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 सितंबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 लगातार बारिश से क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में, कई ...





11 सीमेंट की कीमतों में भारी वृद्धि जनता के साथ अन्याय : चंद्रप्रभा





REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## हरुना धान की निकलीं बालियां...



**लाटाबोड़।** इस साल अच्छी बारिश के कारण धान की फसल अच्छी होने की उम्मीद है। वहीं, कई जगह पर कम बारिश की वजह से धान की बुआई भी पिछड़ गई थी, तो कही कही खंड वर्षा होने के कारण कई क्षेत्रों में किसान आषाढ़ में ही धान की बुआई कर चुके थे। अब उनके खेतों में हरुणा किस्म की धान में बाली आने लगी है। इससे किसानों की चिंता दूर हो गई है। इधर भादो माह में रुक-रुककर हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। जिलेभर के खेतों में चारों तरफ हरियाली नजर आ रही है। वहीं, दूसरी ओर किसान फसल को कीड़ों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाई शेष पेज 11 पर

### खबर संक्षेप

## आज मुख्यमंत्री निवास में नहीं होगा जनदर्शन

**बालोद।** राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में गुरूवार 12 सितम्बर को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मुख्यमंत्री निवास में प्रत्येक गुरूवार को जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में प्रदेश के हर क्षेत्र से आमजन अपनी समस्या के निराकरण के लिए जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचते हैं।

# शहरवासियों को पेयजल समस्या से शीघ्र मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सीएमओ, नपाध्यक्ष, जल सभापति और पार्षदों ने किया स्थानों का चयन

पेयजल समस्याओं से जूझ रहे शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों को राहत पहुंचाने के लिए शहर के वार्ड क्रमांक 2 संजय नगर और वार्ड क्रमांक 16 कुंदरूपारा में स्कूल के आस पास दो अलग अलग जगहों पर पानी टँकी बनाने कार्ययोजना तैयार कर ली है।

बीते दिनों मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जल सभापति शेष पेज 11 पर

### दो टंकियों का होगा निर्माण





**निर्माण जल्द शुरू करने की तैयारी : सीएमओ शर्मा**

इस मामले में नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा ने कहा कि एक माह के भीतर दोनों जगह पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। टंकी निर्माण के बाद लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि टंकी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो इसलिए लगातार कार्य कर रहे हैं। ठेकेदार से बात हुई है कल बैठक भी लेंगे और जल्द कार्य शुरू भी होगा।

### संजय नगर में 91 लाख की लागत से तालाब पार में बनेगी टंकी

शहर के संजय नगर वार्ड क्रमांक 2 में भी पानी टंकी बनाई जाएगी। इस वार्ड के वार्डवासियों की मांग पर वार्ड पार्षद कमलेश सोनी नगर पालिका प्रशासन को पानी की समस्या से अवगत कराते रहे हैं। पालिका प्रशासन ने अब इस वार्ड में नई पानी टंकी बनाने की कार्य योजना तैयार कर ली है। जगह का चयन भी हो चुका है। सीएमओ ने बताया कि संजय नगर में बनने वाले पानी टंकी की लागत 91 लाख रुपए है, उन्होंने कहा कि बहुत जल्द एक माह के भीतर कार्य शुरू हो जाएगा।

### अब तक तीन आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

# प्रधानपाठक आत्महत्या मामले में तीसरा आरोपी हरेंद्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



- डौंडी पुलिस ने पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर सहित चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया है मामला

बालोद जिले के डौंडी ब्लाक अंतर्गत ग्राम घोटिया निवासी प्रधान पाठक देवेंद्र कुमेटी की आत्महत्या के मामले में तीसरे आरोपी हरेंद्र नेताम को भी डौंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस बहुचर्चित मामले में दो दिनों के भीतर तीन आरोपियों को पकड़ने में पुलिस प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। वहीं, इस मामले में बड़ी खबर भी आ रही है, जिसका खुलासा करते हुए घोटिया निवासी पीड़ित लिमेश कुमार साहू ने हरिभूमि से कहा कि नौकरी लगाने के नाम पर गुरुर क्षेत्र के मंगचूवा निवासी हरेंद्र नेताम ने परिवार के खातों में लाखों रुपए डाले गए हैं।

लीमेश कुमार ने बताया कि वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर उस दौरान उन्होंने आरोपी हरेंद्र नेताम के बेटे मयंक नेताम के खाते में यूपीआई के माध्यम से 1 लाख 85 रुपए डाला है, जिसका सबूत उनके पास मौजूद है। इस संबंध पुलिस प्रशासन ने कहा कि शिक्षक देवेंद्र कुमेटी आत्महत्या मामले में अभी तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है। किसी पीड़ित के द्वारा अन्य का नाम मामले में संलिप्तता बताए जाने के सवाल पर कहा गया कि पीड़ित पक्षों द्वारा इस मामले में ठोस सबूत रखे जाने पर उनके विरुद्ध भी जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बहरहाल पुलिस प्रशासन द्वारा तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, हरेंद्र नेताम के मामले में गुरुर पुलिस डौंडी थाना आई हुई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अभी इस मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

### पूर्व मंत्री अकबर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने, बिचौलिये की भूमिका निभाने वाले शिक्षक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को पकड़ लिया है। वहीं पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर की अग्रिम जमानत याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। भूपेश सरकार में वन मंत्री रहे मोहम्मद अकबर की अग्रिम जमानत याचिका बालोद कोर्ट ने खारिज की है। प्रकरण में अभी तक मदार खान, प्रदीप ठाकुर और हरेंद्र नेताम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**ये है मामला:** ग्राम घोटिया निवासी देवेंद्र कुमार ठाकुर ने बीते 3 सितंबर को फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। मृतक देवेंद्र की जेब से चिट्ठी मिली थी, जिसमें खुदकुशी के लिए हरेंद्र नेताम, मदार खान उर्फ सलीम खान, प्रदीप ठाकुर और पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर को जवाबदेह बताया था।


FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®

BATH FITT. | TILES | PLYWOOD | HARDWARE
SANITARY | STONES | LAMINATE | KITCHEN ACCE.
WELLNESS | MOSAICS | VEENER | DECO. PANELS
WINDOW | QUARTZ | LOUVERS | WOOD. FLOOR

Limited Time.
Unlimited Fayde!

- Discounts on all product range
- Get discount vouchers for next purchase
- Upto 70% OFF On selected products

AND MANY MORE...

KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES | hansgrohe | icon WORLD OF TILE | fima CARLO FRATTINI | FlexStone | Oyster | haique Quartz | Marble | Terrazo | HÄFELE | SABURI PLYWOOD

OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम ने किया समस्याओं का त्वरित निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उपस्थित रहकर काफी संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री श्री नेताम ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री श्री नेताम के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा भी उपस्थित थे।

### बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों के बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों के बलिदान को नमन किया है। वन शहीदों के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय वन शहीद दिवस हर साल 11 सितंबर को वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु अपने जीवन का बलिदान करने वाले बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों की याद में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिश्नोई समाज द्वारा पेड़ों की कटाई के विरोध में अपने प्राणों की आहुति और पर्यावरण संरक्षण के लिए शहीद हुए लोगों की विरासत को सम्मान देने के लिए राष्ट्रीय वन शहीद दिवस की शुरुआत की गई।

### बंगले से सामान गायब पूर्व मंत्री डहरिया पर आरोप

**रायपुर।** सी-2 बंगले से कई सामान गायब होने के मामले को लेकर शिकायतकर्ता राजकुमार मिश्रा ने शुक्रवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया। इस मामले की जानकारी आरटीआई के जरिए पीडब्ल्यूडी विभाग से मांगी गई थी, जिस पर विभाग ने भी कई सामान गायब होने की बात कही है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, यह बंगला तत्कालीन मंत्री डॉ. शिव डहरिया को अलॉट था, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद जब यह बंगला मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अलॉट किया गया तो वहां से कई सामान गायब मिले।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 21 को

**रायपुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत 21 सितंबर को आयोजित है। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सभी न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि जिस गति से न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। उसमें यह जरूरी है कि लोक अदालतों के आयोजन में राजीनामा योग्य मामलों का पक्षकारों की आपसी सहमति से विधि सम्मत निराकरण करने का सभी संभव प्रयास किया जाए।


### मंदिर से दान पेटी चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** मंदिर से दान पेटी चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रावणभाठा सुपेला निवासी गजेन्द्र सिंह निर्मलकर ने शिकायत किया कि घर के पास दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर है। शिकायतकर्ता चाचा सोमनाथ मंदिर खोलने गया तो देखा की मंदिर का ताला टुटा पड़ा मिला। दान पेटी से नगदी 6 हजार रुपए गायब मिले।

## गुरूर अंचल में गणेशोत्सव की धूम













निकुम में विराजे विघ्नहर्ता

## विरोध : जनपद कार्यालय के मुख्यद्वार के सामने 5 घंटे किया प्रदर्शन

# भर्रीटोला 36 के ग्रामीणों ने घेरा जनपद पंचायत पीआरपी मोनिका को क्लस्टर से हटाने के बाद हटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

बिहान के पीआरपी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाम लिखाने गए स्कूली बच्चों से जाति के नाम पर किए गए कथित भेदभाव की शिकायत के लगभग 18 माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 के सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को जनपद पंचायत डोंडी के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन कर किया। लगभग 12 बजे से धरना प्रदर्शन जारी रहा, जो लगभग 5 बजे तक चला। इस दौरान ग्रामीण जनपद व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। लगभग 5 बजे पीआरपी को जनपद पंचायत डोंडी में अटैच करने व जांच दल का गठन तथा जांच दल के 10 दिन में जांच कर प्रविवेदन देने की लिखित जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया।

बुधवार को ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 के सैकड़ों ग्रामीण विश्राम गृह डोंडी के पास एकत्रित हुए। वहां से 11 बजे रैली निकाली गई। ग्रामीण हाथों में अपनी मांगों की तख्ती लिए नारेबाजी करते हुए मथाई चौक, दुर्गा चौक, बस स्टैंड होते हुए जनपद पंचायत डोंडी पहुंचे। वहां पुलिस के जवान बड़ी संख्या में तैनात थे। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत कार्यालय के अंदर जाकर सीईओ से मिलने की मांग करते हुए मुख्य दरवाजा खोलने की मांग की।






लेकिन मुख्य दरवाजा नहीं खुलता देख ग्रामीण वहीं धरने पर बैठ गए। इससे जनपद के अंदर जाने और बाहर आने वाले को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहर लगभग दो बजे तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी धरनास्थल पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जिला पंचायत द्वारा जांच दल गठन करने व पीआरपी को बिहान के भर्रीटोला ग्राम से मुक्त करने की जानकारी देकर धरना समाप्त करने को कहा, किंतु ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस दौरान अनिता पौषार्य सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36, शीतल चिन्दा उपसरपंच, रेवाराम रावटे पूर्व जनपद सदस्य, संतराम मेरिया, राजेश चुरेंद्र जनपद सदस्य, भीखम भुआर्य सरपंच, तुलसी मरकाम सरपंच, रोहित माहला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक, सुन्हैल कोसमा, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ,केशवराम भैसारा, गजानन सिंह, ईश्वर सिंह, रमेशकुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं,डोंडी थाना व दल्लीराजहरा थाना की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए जनपद पंचायत के अंदर व बाहर मुस्तैद थी।

### लिखित आश्वासन पर समाप्त किया आंदोलन, चेतावनी भी

दोपहर 3.30 बजे आरके सोनकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी, डॉ चित्रा वर्मा सीएसपी दल्लीराजहरा, एचआर नायक तहसीलदार डोंडी, दीपक चंद्राकर अतिरिक्त तहसीलदार, डोंडी धरना दे रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीआरपी मोनिका पटेल को भर्री टोला 36 कलस्टर से हटाकर जनपद पंचायत डोंडी में अटेचमेंट करने का आदेश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद के आदेशानुसार तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर 10 दिनों में जांच कर जांच प्रतिवेदन देने का कहा। जांच टीम आर के सोनकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी की अध्यक्षता में, डीडी मांडले मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी व नितेश साहू सहायक परियोजना अधिकारी (एनआरएलएम) जिला पंचायत बालोद सदस्य शामिल हैं। इस संबंध में लिखित जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की। साथ ही चेतावनी भी दी कि 10 दिनों में जांच कर उचित कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने किया जाएगा।

#### शुरू हो गई थी भोजन बनाने की तैयारी

धरना पर बैठे ग्रामीण अपनी मांगों का सार्थक हल नहीं निकलता देख शाम 4 बजे भोजन बनाने की तैयारी करने लगे थे। ग्रामीण खाना बनाने के लिए बर्तन बड़ा गंज, कड़ाही, बाल्टियां लेकर धरना स्थल पर पहुंच रहे थे। कोई राशन सब्जी लेने बाजार जा रहा था। इसी दौरान लगभग पांच बजे सार्थक हल निकल आया।

#### किया गया निराकरण

भर्रीटोला 36 के ग्रामीण अपनी मांगों लेकर आए थे। उनकी एक मांग का निराकरण पीआरपी को उनके कलस्टर से हटाकर बिहान कार्यालय डोंडी में अटैच किया गया है। उनकी शिकायत पर जांच टीम गठन किया गया है, जिसका जांच कर जांच प्रतिवेदन देने को कहा गया है।

- **आरके सोनकर,** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी

## पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश ने सड़क की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में गड़बड़ियों को लेकर अब जिले के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों ने भी आवाज उठाना शुरू कर दिया है। अब तक नगरवासी एवं ग्रामीणों की शिकायतों के साथ समाचार पत्रों में भी निर्माण कार्य से हो रही परेशानियों को लेकर शिकायतें सामने आ रही थीं। नगरवासियों ने कार्य में सुधार नहीं होने पर जनसेवक राकेश यादव से शिकायत की है कि निर्माण एजेंसी द्वारा हाल में ही बनाई गई मुख्य सड़क बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं एवं मुख्य सड़क के किनारे बनाई गई नालियां भी आधी अधूरी हैं। इससे शहरवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



उक्त आशय की शिकायत संजारी बालोद विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कलेक्टर बालोद से की है। राकेश यादव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व किये गये राष्ट्रीय राजमार्ग बालोद की सड़कें अभी से ही उखड़ने लगी है। जगह–जगह गड्ढे दिखाई पड़ने लगे हैं। नवनिर्मित सड़क किनारे की आधी अधूरी नालियों की वजह से अल्प वर्षा में ही न्यु बस स्टैंड सहित शहर बालोद के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। शहर बालोद के सैकड़ों लोगों ने मुझसे शिकायत कर जांच की मांग की है। नगर के नए बस स्टैण्ड मे हल्की बारिश में ही जल भराव हो रहा है। इससे नगर के साथ यात्रियों को भी परेशानी हो रही है एवं इससे नगर की छवि भी धूमिल हो रही है।

राकेश यादव ने कहा कि इन सब परिस्थितियों को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण एजेंसी द्वारा करोड़ों रुपए के लागत से निर्मित सड़क निर्माण में भारी लापरवाही एवं अनियमितता की जांच जनहित में आवश्यक है। जांच नहीं किए जाने पर भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिकायत की जाएगी।

## टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने दी जानकारी

# 50 लाख घरों तक सोलर, अब खिड़की में कांच की जगह पैनल लगाकर बचा सकेंगे ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ में भी शुरू हो गई है।

- राज्य में सौर क्षमता बढ़ाने टाटा पावर ने छत्तीसगढ़ में 'घर–घर सोलर' के तहत 600 से भी ज्यादा इंस्टॉलेशन किए पूरे

सोलर कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड 'घर-घर सोलर' पहल के तहत राजस्थान, उत्तरप्रदेश और केरल के बाद अब छत्तीसगढ़ में यह अभियान चालू हो गया है। मंगलवार को सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने विस्तार से जानकारी दी। हरिभूमि ने बातचीत में कहा कि चार महीने के भीतर टाटा कंपनी हल्के वजन वाले सोलर पैनल लांच करने जा रही है, जिसे घर में छोटी जगहों पर आसानी से लगाया जा सकता है। इसकी खास बात यह भी है कि इस पैनल को खिड़की के कांच की जगह भी उपयोग कर सकते हैं।



#### 78 हजार तक मिलेगी सब्सिडी

घर-घर सोलर' पहल बेहतरीन रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस, आरटीएस को अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलता है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत निवासी 1 किलोवाट के लिए 30,000 तक, 2 किलोवाट के लिए 60,000 तक और 3 से 10 किलोवाट सिस्टम के लिए 78,000 तक की केंद्र सरकार से सब्सिडी ले सकते हैं। इन सब्सिडी का उद्देश्य सोलर ऊर्जा इंस्टालेशन को सभी की पहुंच में पहुंचाना और किफायती बनाना है, जिससे हर घर बिना किसी वित्तीय बोझ के रिन्यूएबल एनर्जी को अपना सकें। इसके अलावा 'घर घर सोलर' पहल में नेट मीटर की रीडिंग के लाभ भी मिलेंगे। इससे लोगों को अतिरिक्त बिजली उत्पन्न करने पर क्रेडिट मिलेगा, ताकि उनके ऊर्जा बिल कम आ सकें। 2 गीगावॉट से भी ज्यादा सोलर छतों के साथ लगभग 51,674,454.89 टन $CO_2$ की भरपाई की जाने अनुमान है, जो 25 वर्षों के जीवनकाल में लगभग 18 लाख पेड़ लगाने के बराबर है।

अधिक पैनल के उपयोग से दिनभर के लिए ऊर्जा की बचत हो जाएगी। छग में घर-घर सोलर की पहल राज्य के सभी 33 जिलों को कवर करेगी। इसे नौ पार्टनर्स इसको अपना सपोर्ट देंगे। उन्होंने बताया कि टाटा कंपनी ने पहले 20 लाख सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य बनाया था, लेकिन भारत सरकार ने यह लक्ष्य 50 लाख तक दिया है। हम तीन सालों के भीतर देशभर में इस लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगाने लोगों में दिलचस्पी केवल शहर तक नहीं है, गांव में भी काफी मांग देखने को मिल रही है। कंपनी का शेयर 20 प्रतिशत का ग्रोथ कर सकता है, पूरी उम्मीद है। कार्यक्रम में टाटा पावर के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश नंदा, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और सम्मानित चैनल पार्टनर्स के साथ उपस्थित थे।

#### छत्तीसगढ़ में 600 से ज्यादा इंस्टॉलेशन

आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और कई प्रत्यक्ष प्रोजेक्ट्स में 250 मेगावाट से भी ज्यादा की क्षमता के बराबर 600 से ज्यादा इंस्टॉलेशन की सेवा देने के पोर्टफोलियो के साथ, छत्तीसगढ़ टीपीएसएसएल की गतिविधियों और पहलों के लिए सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। इनमें से कुछ उल्लेखनीय इंस्टालेशन में 100 मेगावाट की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, बीईएसएस) प्रोजेक्ट, एबीआईएस के साथ 30 मेगावाट का प्रोजेक्ट, वंदना इस्पात के साथ 15 मेगावाट का प्रोजेक्ट, लोहिया और डोंगरगांव के साथ 12 मेगावाट का प्रोजेक्ट, कृष्णा आयरन स्ट्रिप्स तथा ट्यूब्स प्रा. लिमिटेड के साथ 7 मेगावाट का प्रोजेक्ट और महावीर कोल वॉशरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 4 मेगावाट का प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

## जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आज से 23 सितंबर तक मनाया जाएगा वजन त्योहार

# बच्चों का पोषण स्तर जांचने लिया जाएगा वजन, मापी जाएगी ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शून्य से 06 वर्ष के सभी बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 से 23 सितम्बर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा।

- कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

कलेक्टर चन्द्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की।

श्री चंद्रवाल ने जिले में वजन त्यौहार को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने एवं इसका समुचित प्रचार–प्रसार करने को कहा।





#### जिले के 1524 आंगनबाड़ी केंद्रों में 57 हजार से अधिक बच्चे दर्ज

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1524 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जिनमें 0 से 06 वर्ष के लगभग 57 हजार से अधिक बच्चे दर्ज है, जिनका उपरोक्त अवधि में वजन एवं ऊँचाई लेकर उसकी एण्ट्री पोषण ट्रेकर एप्प में की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस दौरान शुन्य से 06 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन एवं ऊँचाईयों की माप कर उसे पोषण ट्रेकर एप्प में एण्ट्री की जाएगी, जिससे कि जिले में कुपोषण की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में बताया गया कि वजन त्यौहार के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज शून्य से 06 वर्ष के बच्चों के अलावा ऐसे बच्चों जिनके नाम आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज नहीं हैं, उनका भी वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारियों को वजन त्यौहार का समुचित प्रचार–प्रसार करने के लिए नारा लेखन तथा मुनादी आदि कराने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। चन्द्रवाल ने राष्ट्रीय पोषण माह की गतिविधियों के साथ–साथ प्रदेश स्तरीय वजन त्यौहार का भी आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पूरे देश में 01 से 30 सितम्बर के मध्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु जिले के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के माध्यम से आवश्यक जानकारियां एवं प्रशिक्षण प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले मे वजन त्यौहार के सुचारू संचालन हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन मशीन, इन्फेन्टोमीटर तथा स्टिडियों मीटर की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को दिए गए हैं।


## अंचल में गणेशोत्सव की धूम


बाल गणेशोत्सव रेंगाडबरी



राजापारा डौंडीलोहारा


थाना परिसर मंगचुवा


बजरंग गणेशोत्सव समिति रेंगाडबरी


गणेशोत्सव समिति चांदनी चौक सहगांव


गणेशोत्सव समिति सहगांव


गणेशोत्सव समिति सिरपुर

**खबर संक्षेप**

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 30 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा है।

### छत्तीसगढ़ी में बनेगी गैंग्स ऑफ रायपुर फिल्म

**रायपुर।** ट्राइबल वारियर प्रोडक्शन एवं केकेएस के फिल्म वर्क्स और दीपेश कुकरेजा प्रोडक्शन्स के संयुक्त बैनर तले छत्तीसगढ़ी-हिंदी फिल्म गैंग्स ऑफ रायपुर का निर्माण जल्द होने जा रहा है। गैंग्स ऑफ रायपुर फिल्म की प्रोडक्शन टीम ने मंगलवार को कलर्स मॉल के कार्निवल सिनेमा में फिल्म की कास्ट रिवील का आयोजन किया, जहां फिल्म के निर्देशक के. शिव कुमार और प्रोड्यूसर साजिद खान ने बताया कि फिल्म की अधिकांश शूटिंग राजधानी रायपुर और कांकेर जिले की विभिन्न लोकेशंस पर 15 सितंबर को आरंभ होने जा रही है।

### सीएम ने आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूदान आंदोलन के प्रणेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की 11 सितंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि विनोबाजी ने अपना जीवन गरीबों और दलितों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया तथा उनके अधिकारों के लिए खड़े हुए। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में अथक प्रयास किया। साथ ही आचार्य भावे ने देश में आजादी की अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**सियासत**

### प्रदेश में सीमेंट की कीमतों में वृद्धि का कांग्रेस ने किया विरोध

# सीमेंट की कीमतों में भारी वृद्धि जनता के साथ अन्याय : चंद्रप्रभा

## प्रेसवार्ता में सरकार पर लगाया कमीशनखोरी का आरोप, मूल्यवृद्धि वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रदेश में सीमेंट का दाम 50 रुपए प्रति बोरा बढ़ने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में बढ़ती महंगाई का विरोध करते हुए तत्काल बढ़े हुए दर को कम करने की मांग की है।

एक प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है। विष्णुभोग के लिए 50 रुपए प्रति बोरा सीमेंट पर अतिरिक्त दाम वसूला जा रहा। सीमेंट का मूल्य अचानक 260 से बढ़ाकर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चौथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार की कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए भाजपा




मजबूर कर रही है। छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है, यहां हर माह लगभग 30 लाख टन से अधिक सीमेंट का उत्पादन होता है, पहले केंद्र की मोदी सरकार ने 28 प्रतिशत का भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब साय सरकार के संरक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। हर सिर पर छत का वादा करके सरकार में आयी भारतीय जनता पार्टी के शासन में भवन निर्माण की सामग्रियों में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। रेत के दाम पिछले 9 महीने में चार गुना बढ़ गए, स्टील की कीमतें दुगुनी हो गई हैं और अब सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रति बारी की वृद्धि से गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के अपने घर के सपनों पर करारी चोट है। इससे पीएम आवास योजना पर भी विपरीत असर पड़ेगा।

### जनता को लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ रही सरकार

चन्द्रप्रभा सुधाकर के कहा कि रोजगार पैदा करने में कृषि के बाद रियलएस्टेट दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर है, सीमेंट की कीमत में अचानक वृद्धि से रियल एस्टेट व्यवसाय की कमर टूट जाएगी। लाखों की संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाम नियंत्रित थे, अब भाजपा सरकार के अनुचित संरक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है। जनता को लूटने का कोई अवसर डबल इंजन की सरकार नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि सीमेंट पर 50 रूपए प्रति बोरी की भारी भरकम मूल्य वृद्धि वापस ले और सीमेंट को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कमोडिटी की तय सूची में शामिल करें। प्रेसवार्ता में क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा, जिला महामंत्री रतिराम कोसमा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित अन्य कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर से की गई मार्ग पर कब्जा करने की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम पसौद में एक किसान पर पद और पावर का फायदा उठाकर ग्राम में अवैध अतिक्रमण करने के साथ दूसरों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए रामकुमार साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में रामकुमार ने कहा है कि चुहरीपाट एवं बोरी जाने वाले मार्ग पर एक किसान द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्जाकर गेट बनाकर उसमें ताला लगा दिया है, जबकि पूर्व में यह मुख्य रास्ता खुला हुआ था। रास्ता बंद होने के कारण किसानों, पशुओं, वाहन, बैलगाड़ी, ट्रैक्टर सभी का आना जाना बंद हो चुका है। उस रास्ते से करीब 30 किसानों के खेत हैं, जो कि हमेशा आना जाना करते हैं। उस रास्ते से चुहरीपाट एवं घोर्रा प्लाट भी जाते हैं, जिसे बंद कर दिया है। उन्होंने अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है। उस किसान का खेत सामने में है, ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 02 की मुख्य सड़क पर ग्राम पंचायत पसौद द्वारा बंशीलाल साहू के घर के सामने से लेकर पीतांबर घर तक नाली निर्माण किया जाना था, लेकिन नाली निर्माण संतोष विश्वकर्मा घर से लेकर पीताम्बर तक किया गया। वहीं, सूचना बोर्ड में बंशीलाल घर से लेकर पीतांबर घर तक नाली निर्माण किया जाना लिखा गया है, जिससे नाली निर्माण के साथ विकास कार्य बाधित हो रहा है। आवेदक ने कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## अरमरीकला कालेज में जन भागीदारी समिति के सदस्यों का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में जन भागीदारी समिति का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जिला बालोद पवन साहू थे।

पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विशेष अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद एवं प्रदेश कार्य समिति भाजपा कृष्णकांत पवार, महामंत्री भाजपा जिला बालोद राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष भाजपा गुरुर कौशल साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला नरेश साहू, उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद त्रिलोकी राम साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गुरुर नंदकिशोर शर्मा, जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा जिला बालोद आदित्य सिंह पिपरे उपस्थित थे। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यशवंत साव, सहायक प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, सहायक प्राध्यापक प्रमोद भारती, सहायक प्राध्यापक योगिता ठाकुर, डॉ आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, वंदना धुरव, अंजनी पैंकरा, ममता साहू, डॉ आशावरी हिरवे, मयंक साहू, सुमन कश्यप, दीक्षा पांडे, अनुराधा सोनी, दामिनी झा, महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यशवंत साव ने स्वागत भाषण दिए। पवन साहू ने छात्र–छात्राओं को अपने जीवन में अपने मन को एकाग्र करने के लिए नकारात्मकता को दूर करने के उपाय बताए। पूर्व विधायक प्रीतम साहू महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं को पढ़ाई के प्रति जागरूक होने के लिए संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन कमलेश्वर साहू व आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश साहू ने किया।

# छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा 15 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के माध्यम से जिले में पूर्व से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी ''द'' भर्ती परीक्षा 15 सितम्बर को आयोजित की जाएगी। नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर एके लकरा ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के अंतर्गत जिले में कुल 36 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें कुल 11003 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 01 घंटे पूर्व पहुँच कर सूचना पटल पर रोल नंबर की जांच कर परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा में मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थी व्यापमं द्वारा जारी प्रवेश पत्र के साथ अपना फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, मतदाता पहचान पत्र, विद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र में से कोई एक पहचना पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

- जिले में बनाए गए 36 परीक्षा केन्द्रों में शामिल होंगे 11 हजार से अधिक परीक्षार्थी

मूल पहचान पत्र का फोटोकापी या मोबाईल में परिचय पत्र मान्य नहीं किये जाएंगे। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी अपने साथ नीले एवं काले रंग का बॉल पेन लेकर उपस्थित होंगे। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के मोबाईल फोन, इलेक्ट्रानिक घड़ी, कैलक्यूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लाना सख्त प्रतिबंधित है।

# रेड रिबन क्लब के कार्यों के संबंध में एकलव्य महाविद्यालय में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा




नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में बुधवार को रेड रिबन क्लब के प्रथम वार्षिकी उन्मुखीकरण कार्यक्रम रेड रिबन क्लब व भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

प्रभारी राजू लाल कोसरे (प्राचार्य), सहप्रभारी टुशिका नायक व छात्र वेदप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक के कार्यों एवं दायित्वों के उद्देश्य के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी उसके लक्षण एवं बचाव के उपाय के बारे में बताया गया। पर्यावरण के संरक्षण व संवर्द्धन तथा प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नेहा ध्रवे, पुरूषोत्तम भुआर्य अतिथि व्याख्याता नंदकिशोर सिन्हा, देवानंद वर्मा, कुलेश्वर पटेल, अनिल कुमार साहू, टेकराम नेताम व समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### हरुना धान में निकलने ...

का छिड़काव कर रहे हैं। पसौद के कृषक भवेन्द्र साहू, भीषम गौतम, लोमन पटेल ने बताया कि दशहरा मनाने के बाद कई किसान धान की कटाई शुरू कर देते हैं। इन दिनों भादो माह में तेज बारिश होने के कारण अभी खेतों में पर्याप्त पानी है। ऐसे में धान का उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है।

### शहरवासियों को ...

योगराज भारती और शहर के पार्षद कमलेश सोनी ने दो अलग-अलग जगह का निरीक्षण कर जगह चयनित किया है। वहीं, दोनों ही जगहों पर आगामी एक माह के भीतर पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि शहर के बहुसंख्यक क्षेत्रों में पेयजल संकट से जूझ रहे शहरवासियों की समस्याओं को लेकर हरिभूमि ने लगातार खबर प्रकाशित कर पालिका प्रशासन व जिला प्रशासन का ध्यान केंद्रित कराया। शहर में पेयजल समस्या सबसे अधिक कुंदरूपारा में है।

इस मामले को लेकर भी यहां के लोग कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसे लेकर हरिभूमि ने कई बार खबर प्रकाशित किया है। उसी के फलस्वरूप अटल आवास के नजदीक नया पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन जमीन विवाद की स्थिति में हाईकोर्ट ने पानी टंकी के निर्माण कार्य में रोक लगा दी, जिसके बाद वह कार्य रुक गया। अब नए सिरे से दूसरी जगह पर पानी टंकी बनाने का कार्य शुरू होगा।

कुंदरूपारा में 1 करोड़ 13 लाख की लागत से बनेगी टंकीः कुंदरूपारा में स्कूल के पास पानी टंकी बनेगी। कुछ दिनों पहले ही नगर पालिका सीएमओ व जल सभापति योगराज भारती सहित पालिका के अन्य कर्मचारियों ने जगह का निरीक्षण किया था। बता दें कि कुंदरुपारा क्षेत्र में पानी की वर्षों से हो रही समस्या को लेकर हरिभूमि ने लगातार खबर प्रकाशित किया है। इस क्षेत्र में पहले ही पानी टंकी बन जाता, लेकिन हाईकोर्ट द्वारा स्टे लगा दिए जाने से वह काम रुक गया। अब नए सिरे से दूसरी जगह चयनित कर पानी टंकी बनाई जाएगी। सीएमओ शौरभ शर्मा ने कहा कि इसकी लागत 1 करोड़ 13 लाख रुपए है।

# रोजगार जाने का डर, दस्तावेज लेखकों ने विधायक संगीता को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर/बालोद

दस्तावेज लेखक एवं स्टॉम्प वेंडर कल्याण संघ गुरूर द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा पंजीयन विभाग में पंजीयन संबंधी कार्य में किए जा रहे कथित बदलाव को नहीं करने की या बदलाव के दौरान दस्तावेज लेखक एवं स्टॉम्प वेंडर के रोजगार प्रभावित न हो, इसका ध्यान रखते हुए बदलाव करने की मांग को लेकर विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से ऐसा बताया जा रहा है कि अब संपत्तियों के सभी प्रकार के दस्तावेज सुगम मोबाईल एप के माध्यम से पक्षकार स्वयं पंजीयन कार्य घर बैठे कैशलेस, फेशलेस एवं साक्षियों के बगैर कर सकेंगे, इसकी शुरूवात हाउसिंग बोर्ड के दस्तावेजों से की जा रही है। बाद में सभी दस्तावेजों की रजिस्ट्री मोबाईल एप के माध्यम से पक्षकार स्वयं करेंगे। इसके लिए रजिस्ट्री आफिस की जरूरत नहीं होगी, ऐसा बताया जा रहा है। हम





दस्तावेज लेखकगण एवं स्टाप वेंडर विगत पांच दशक से भी अधिक समय से संपत्ति के विभिन्न दस्तावेजों के पंजीयन के लिए दस्तावेज बनाकर पक्षकारों को अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। यही हमारी आजीविका का माध्यम है। पंजीयन कार्य में उक्त बदलाव कर हमारी अजीविका को समाप्त कर हमें बेरोजगार किया जा रहा है। कल्याण संघ ने कहा कि मंत्री ओपी चौधरी से इस संबंध में चर्चा कर कोई ऐसी व्यवस्था कराई जाए कि पक्षकारों को उनकी संपत्ति के दस्तावेज का पंजीयन सुगमता से सरकार की मंशा के अनुरूप हो, किन्तु दस्तावेज बनाने का कार्य दस्तावेज लेखकों के माध्यम से ही हो, ऐसी व्यवस्था बरकरार रखी जाए।

सरकार द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरलीकरण ना करते हुए और उसे कठिनाई की प्रक्रिया की ओर लाये जाने की योजना है। यदि प्रक्रिया को पेचीदा करना ही है, तो दस्तावेज लेखक को शासकीय कर्मचारी घोषित कर तृतीय श्रेणी वर्ग का वेतन दिया जाए, वहीं उन दस्तावेज लेखकों जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक है, उसे पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वक्त दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे, उपाध्यक्ष शिव कुमार गौतम, दस्तावेज लेखक अक्षय कुमार, चंद्रशेखर पटेल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवोदय विद्यालय के लिए आर्यन का चयन

**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी आर्यन कुमार सिन्हा का चयन कक्षा 6वीं के लिए नवोदय विद्यालय में हुआ है। माता शारदा सिन्हा व पिता अश्वनी कुमार सिन्हा (शिक्षक) ने बताया कि आर्यन कुमार शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर ग्राम के डा. बिसम्भर सिंह सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, दीपक यादव, कोस्तुभ साहू सहित सभी शिक्षकों, परिजनों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### शहीद सुरेश राव की स्मृति में किया गया पौधारोपण





**बालोद।** राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर बालोद वनमण्डल के शहीद सुरेश राव की स्मृति में पौधारोपण किया गया। उनकी पत्नी उतरा राव को वनमण्डल अधिकारी बालोद, उपवनमंडल अधिकारी बालोद, दल्लीराजहरा ने श्रीफल व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी बालोद, डोंडीलोहारा, डोंडी, गुरुर, काष्ठागार बालोद एवं वनमंडल कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### गुरूर में शिक्षा स्तरीय समिति की बैठक आज

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर में शिक्षा स्तरीय समिति की बैठक 12 सितंबर को रखी गई है। बैठक जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष तोषण लाल साहू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता जैसी योजनाओ के प्रकरणों पर विचार किया जाएगा। बैठक में जनपद सदस्य लक्ष्मी साहू, राजश्री बल्ला, डिगेश्वरी बंधु एवं एस कुमार कलिहारी उपस्थित रहेंगे।

### नवागांव के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को दिया आवेदन



**बालोद।** जिले के गुरूर ब्लाक स्थित ग्राम नवागांव के ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव में एक व्यक्ति द्वारा खसरा 531/1 कुल रकबा 0.08 हे भूमि खरीदी गई है। उसके अतिरिक्त निस्तारी शासकीय भूमि में अतिक्रमण किया गया। इस पर कार्रवाई के लिए तहसीलदार गुरूर को 22 जून 2023 को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण ग्रामीणों ने इस बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

## खरखरा व गोंदली जलाशय ओवरफ्लो, तांदुला भी छलकने के करीब





**बालोद।** जिले के प्रमुख जलाशयों में शामिल तांदुला, खरखरा, गोंदली और मटियामोती बांध जल भराव की स्थिति में सुधार आने लगा है। वहीं, दो प्रमुख जलाशय ओवरफ्लो नजर आने लगे है, लेकिन मटियामोती जलाशय को पूर्ण जल भराव के लिए अभी और बारिश का इंतजार है। जिले में सबसे पहले खरखरा जलाशय ओवरफ्लो हुआ है। प्रमुख जलाशयों में शामिल तांदुला जलाशय का जल का भराव का 93.65 प्रतिशत तक पहुंच गया। वहीं, खरखरा जलाशय में कुल पानी का भराव 108.29 प्रतिशत दर्ज किया गया है। गोंदली जलाशय में 106.24 प्रतिशत और मटियामोती बांध में जल भराव 68.32 प्रतिशत है। इस तरह खरखरा जलाशय के बाद अब गोंदली जलाशय भी ओवरफ्लो नजर आ रहा है।

### मौसम का कहर : दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# लगातार बारिश से क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में, कई घरों में घुसा पानी, मार्ग बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

कुछ दिनों से हो रही जोरदार बारिश का असर प्रदेश के साथ-साथ दुर्ग ज़िले में भी देखने मिला रहा है। मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ने के कारण यहां नदी-नाले उफान पर रहे। वहीं, कई गांवों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने लोगों से मुलाकात की और ज़िला कलेक्टर ज़िला पुलिस अधीक्षक जिला सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार सभी अधिकारी कर्मचारियों को फोन के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से समस्त सचिव, पटवारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करें और प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाएं तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही शिवनाथ, तांदुला, खरखरा नदी से लगे ग्रामों में जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और ज़रूरी सामान प्रदान करने को कहा।

■ मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ने के कारण भी बढ़ा जलस्तर

### क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में

मिली जानकारी के अनुसार लगातार हो रही बारिश और मांगरा जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण कई गांवों में बाढ़ की स्थिति है। इनमें दुर्ग अंजोरा, पुलगांव, थनौद, पीपरछेड़ी, महमरा, चंगोरी, झोला, तिरगा, भोथली, खाडा, रूदा, भरदा, आलबरस, चिंगरी, कोनारी, पिसेगांव, आमटी, विनायकपुर, मोहलाई, बघेरा, गनियारी, उरला, अछोटी शामिल हैं। इसके साथ ही बेलौदी, भेडसर, भटगांव, डांडेसारा, समोदा, रवेलीडीह ये सभी गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

### प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर जाना हालचाल, हर तरह की मदद का दिया आश्वासन



### पुल-पुलिया पर जाने की कोशिश न करें

विधायक ललित चंद्राकर ने जिले में भारी बारिश को देखते हुए आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। विधायक ने कहा है कि शिवनाथ, तांदुला व खरखरा नदी उफान पर हैं। इसके अलावा जिले के अन्य अंचल के मौसमी नदी-नालों के जलस्तर में भी वृद्धि हो गई है, इसलिए उनसे सुरक्षित दूरी बना कर रखें। उन्होंने कहा कि पुल-पुलिया पर से पानी बहने की स्थिति में इसे वाहन सहित या पैदल पार करने की कोशिश बिल्कुल नहीं करें। किसी भी हाल में जान जोखिम में ना डालें। ऐसा खुद भी ना करें और दूसरों को भी बढ़े जलस्तर वाले जल स्रोत नदी-नाले से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने की सलाह दें।

### निकुम से भरदा, अर्जुन्दा से सोमनी मार्ग बंद

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के निकुम से भरदा, अर्जुन्दा से सोमनी ये सभी मार्ग बाढ़ के कारण बंद हो गए हैं। इससे क्षेत्र में आवागमन बंद हो गया है। तिरगा, झोला के ग्रामीण जन पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख, घनश्याम देशमुख, नीलकंठ, युवराज, पीलेश्वर, हरिश, भागवत, रोमन, एमन देशमुख, मनीष बेलचंदन, दिलीप, चिंगरी विनायकपुर बंगाली बाढी से कृष्णा बंगाली, मनोज बंगाली खेदू हरिशंकर तिवारी, रवि, अनिल, कमल किशोर सहित सरपंच झोला घृतपाल देशलहरे, तिरगा सरपंच घसियाराम देशमुख, भोथली सरपंच सुरेश छोटू साहू, खांडा, रूदा सरपंच हुल्ली बाई साहू, आलबरस आशा देशमुख, भरदा पोषण लाल ठाकुर सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण जन शासन प्रशासन से बाढ़ राहतकोष के लिए गुहार लगा रहे हैं।

### तिरगा के 80 घरों में घुसा पानी, सोसायटी भी बाढ़ की चपेट में, चावल, शक्कर, नमक बर्बाद

पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन ने बताया कि चंगोरी, झोला, तिरगा, भोथली, खाडा, रूदा का लगभग 2000 रकबे की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। तिरगा के 80 घरों में पानी घुस गया है वहां के परिवारों ने दूसरे के घर शरण ली है। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल राहत कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया है। बेलचंदन ने बताया कि दुर्ग सहकारी विपणन समिति द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान तिरगा आईडी क्रमांक 432001002 में बाढ़ का पानी घुस जाने के कारण चावल, शक्कर, नमक डूब गया है। आनलाइन आईईपीएस के अनुसार बाढ़ की चपेट में आने से चावल 96.43 क्विंटल याने 195 कट्टा, नमक 1.87अर्थात 4 कट्टा, शक्कर 2.67 यानि 6 कट्टा खराब हो गया। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर की रात्रि 10.40 को सूचना मिलने के बाद रात्रि 11 बजे पहुंचने के बाद तत्काल ट्रेक्टर से गांव वालों की मदद से सिर्फ 106 कट्टा चावल गोदाम से निकाला जा सका, जबकि बाकी चावल, शक्कर एवं नमक नहीं निकाल पाए। वहीं, पानी का बहाव तेज होने के कारण गाड़ी भी नहीं जा पाई। तत्कालीन व्यवस्था के लिए खाद्यान को शासकीय सेवा सहकारी समिति तिरगा, खाद गोदाम चावल, सिफ्ट किया गया। निगरानी समिति एवं गांव के कार्डधारी के सामने गोदाम में रखा गया। अंडा थाना प्रभारी डा.भानुप्रताप साव अपने बल दल के साथ विशेष बाढ़ प्रभावितों की मदद में लगे रहे। डॉ साव ने बताया कि अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 10 गांव बाढ़ में प्रभावित हुए हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए लगे हुए हैं। किसी भी तरह की घटना-दुर्घटना नहीं हुई है।

### बारिश का कहर









## मोहारा से अरमरीकला मार्ग की पुलिया बहने से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोहारा से अरमरीकला पहुंच मार्ग पर स्थित पुल बह गया है, जो दो माह बाद भी नहीं सुधारा गया है। वहीं, ग्रामीणों ने पुल के एक किनारे पर मुरूम डालकर पैदल एवं मोटर सायकल से चलने लायक बनाया है, लेकिन यह जोखिमभरा है। इस वैकल्पिक व्यवस्था से कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इसी जर्जर पुल से होकर ग्राम मोहारा के दर्जनों बच्चे ग्राम अरमरीकला के शासकीय महाविद्यालय में पढ़ने जाते हैं।

ग्राम मोहारा से अरमरीकला मार्ग का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया था। ग्रामीणो ने बताया कि इसके निर्माण के बाद से कभी मरम्मत नहीं की गई। मार्ग पर पाईप डालकर निर्मित पुल में लगभग सालभर पूर्व बड़ा गड्ढा हो गया था, जिसे सुधारने की मांग ग्रामीण महीनों से कर रहे थे,





लेकिन विभाग ने ध्यान नहीं दिया, नतीजा यह हुआ कि पुल बह गया, जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

पुल के पास सड़क नीचे धंस गई है, जिसके कारण 5 से 6 फीट गहरा गड्ढा हो गया। इसके कारण जहां लोगों को यहां से गुजरने में परेशानी हो रही है, वहीं हमेशा दुर्घटना का भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम से दर्जनों बच्चे अरमरीकला महाविद्यालय पढ़ने जाते हैं। पुल के बह जाने से बहुसंख्यक बच्चे ग्राम जेवरतला होते हुए अरमरीकला जा रहे हैं। इसके कारण उन्हें कॉलेज जाने के लिए 7 किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ रहा है, जबकि पुल के सही रहने से बच्चों को पहले 1 किलोमीटर ही दूर जाना पड़ता था। लंबी दूरी होने के कारण कई बच्चे ग्राम मोहारा से अरमरीकला मार्ग से ही बह चुके पुल पर बनाई गई वैकल्पिक व्यवस्था से जाते हैं, जो उनके लिए जोखिम भरा है। वहीं, ग्रामीणों को दैनिक कार्यों एवं अन्य सामग्रियों के लिए अरमरीकला जाना पड़ता है, किंतु मार्ग में पिछले दो महीने भर से पुल के पास सड़क धंस गई है, जिसके कारण कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## जनपद सदस्य टिकेश्वरी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण



**अंडा।** जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख ने अपने क्षेत्र के ग्राम भरदा, अछोटी, चिंगरी, कोनारी सहित बाढ़ प्रभावित आलबरस व चंगोरी गांवों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से खान पान एवं स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि पानी को उबाल कर पीयें और स्वच्छता का ध्यान रखते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी सजग रहें। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एएनएम से तुरंत संपर्क करने को कहा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी साथ थे।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
तिरूपति बालाजी में दर्शन की गारंटी समिति की रहेगी
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
13 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411